



छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल

कक्षा 7 समाधान



CGBSE Book Solutions
(Hindi Medium)

aglasem.com

CG Board Class 7th Science Solutions

Chapter - 18
Chapter Name- (सजीवों में गति एवं प्रचलन)

Page No.: 152 , Chapter: 18
प्रश्न **1 -** दिए गए कथनों में सही व गलत की पहचान कर कथनों को सही कर लिखिए **-**
क. हड्डियों में पेशियों के संकुचन और शिथिलन के कारण गति होती है।
उत्तर :- सही कथन

ख. तनो की गति को धनात्मक गुरुत्वानुवर्तन कहते है।
उत्तर :- गलत कथन
सही कथन - तनो की गति को ऋणात्मक गुरुत्वानुवर्तन कहते है।

ग. गुलाब में स्पर्शानुवर्तन पाया जाता है।
उत्तर :- गलत कथन
सही कथन :- स्पर्शानुवर्तन छुई मुई के पौधे में पाया जाता है।

घ. जड़ो की प्रकाश की ओर गति जलानुवर्तन कहलाती है।
उत्तर:- गलत कथन
सही कथन -जड़ो की प्रकाश की ओर गति प्रकाशानुवर्तन कहलाती है।

Page No.: 152 , Chapter: 18
प्रश्न **2-** अनुवर्तन किसे कहते है **?**
उत्तर:- पौधे के विभिन्न अंग (भाग)बाह्य उद्दीपनों जैसे प्रकाश जल ,गुरुत्व स्पर्श इत्यादि के प्रति अनुक्रिया दिखाते है ,इस क्रिया को अनुवर्तन कहते है।

Page No.: 152 , Chapter: 18
प्रश्न **3-** जड़े भूमि की ओर गति करती है। कारण स्पष्ट कीजिए।
उत्तर:- पौधे की जड़े जल प्राप्त करने हेतु भूमि की ओर गति करते है ,चूकि जल भूमि के नीचे होता है अर्थात पौधो की जड़े जल गुरुत्व जल की ओर गति करती है उसे गुरुत्वाकर्षण कहते है।

Page No.: 152 , Chapter: 18
प्रश्न **4-** छुई **-** मुई की पत्तियों में होने वाली गति को लिखिए।
उत्तर:- छुई -मुई को पत्तियों को स्पर्श करने पर वह नीचे की ओर मूड जाती है ,यह गति जो स्पर्श उद्दीपन के कारण होती है उसे कुपानुकुंचन गति कहते है।

schools.aglasem.com
aglasem.com

Page No.: 152, Chapter: 18

प्रश्न **5-** सूक्ष्मजीवों में होने वाले प्रचलन को संक्षेप में समझाइए।

उत्तर :-

(1) यह एक कोशिकीय जीव है इनके पूरे शरीर की सतह के चारों तरफ रोओ जैसी छोटी -छोटी रचनाएँ पायी जाती है ,इन्हे सीलिया कहते है ,पैरामीशियम में इन्ही सीलिया के द्वारा प्रचलन होता है। इन्ही के द्वारा ये जल में तैरते है।

(2) अमीबा - यह भी एक कोशिक जीव है इनमे प्रचलन पदाभ के द्वारा होता है।

(3) युग्लीना - युग्लीना में प्रचलन हेतु धागे के समान संरचना पायी जाती है ,जिसकी सहायता से ये पानी में तैरते है इन संरचना को कशाभिका कहते है।

Page No.: 145, Chapter: 18

प्रश्न **6-** जंतुओं के प्रचलन में पेशियों का कार्य लिखिए।

उत्तर:- जन्तुओ के प्रचलन में पेशिओ का महत्वपूर्ण योगदान होता है ,जन्तुओ में प्रचलन पेशिओ के संकुचन (सिकुड़ने) शिथिलन (फैलने)के कारण होता है ,यह प्रचलन मुख्यतः मांसपेशियों एवं हड्डियों की गति से संभव होता है।

जैसे :-

(1) सांप मांसपेशियों और रीढ़ की हड्डियों की सहायता से चलते है

(2) पक्षियों में विशिष्ट पेशिया होती है ,जो इन्हे ऊँची उड़ान करने में मदद करती है।

(3) केचुओं में मांसपेशियों के संकुचन एवं शिथिलन को सहायता से प्रचलन होता है।

(4) मछलियों में प्रचलन (तैरने हेतु)पेशीय युक्त पूंछ तथा पंख उपस्थित होता है।

aglasem.com

schools.aglasem.com